अति आवश्यक

सं0:शिक्षा–एच(प्रा)बी(6)4–3/2023–24
प्रारंभिक शिक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश।

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय (हि.प्र.)
दिनांक शिमला–171001 नवंबर, 2023 31 OCT 2023
शिमला–1

सेवा में

कांगड़ा स्थित धर्मशाला
समस्त उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश।

विषयः– विभिन्न केन्द्रीय तथा राज्य प्रायोजित छात्रवृत्ति योजनाओं बारे अध्यापकों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों को जागरूक करने बारे।

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा प्रथम से आठवीं तक अध्ययनरत् विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों के लिये विभिन्न केन्द्रीय तथा राज्य प्रायोजित छात्रवृत्ति योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इन योजनाओं के अन्तर्गत पात्रता अथवा मैरिट के आधार पर विभाग द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस बारे समस्त उप निदेशक निदेशालय के पत्र संख्याःशिक्षा–एच(प्रा)बी(6)4–3/2022–मेधावी, दिनांक 30–05–2022 का अवलोकन करें जिसके अन्तर्गत विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं तथा इनके अन्तर्गत देय लाभ का योजनाबार विवरण, समस्त उप निदेशकों को प्रेषित किया गया है।

इस सन्दर्भ में आपको पुनः अवगत करवाया जाता हैं कि छात्रवृत्ति योजनाओं का पाठशाला स्तर तक सही रूप में तथा समयानुसार क्रियान्वयन करवाना सम्बन्धित उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा का उत्तरदायित्व होगा। इसलिए उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा अपने जिले में विभाग द्वारा चलाई जा रही समस्त छात्रवृत्ति योजनाओं का भरपूर प्रचार प्रसार करें ताकि विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को इस योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा सके। इस के लिये उप निदेशक कार्यालयों तथा खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में उपलब्ध नोटिस बोर्ड पर सभी छात्रवृत्ति योजनाओं की पूर्ण जानकारी अंकित करें तथा अधीनस्थ कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों के साथ होने वाली बैठकों में भी इनकी विस्तृत जानकारी साझा करें ताकि योजनाओं को लाभ अधिकतम पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा सके।

इसके अतिरिक्त विद्यालय प्रमुख भी विभाग द्वारा चलाई जा रही समस्त छात्रवृत्ति योजनाओं के विषय में प्रातःकालीन प्रार्थना सभाओं में विद्यार्थियों को इन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दें तथा उन्हें इनका लाभ उठाने के लिये प्रोत्साहित करें। साथ ही विद्यालय प्रबन्धन समितियों के माध्यम

3730
23/11/23

से अभिभावकों को भी छात्रवृत्ति योजनाओं की पूर्ण जानकारी दें ताकि सभी विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को इन योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा सके ताकि कोई भी पात्र विद्यार्थी जानकारी के अभाव में छात्रवृत्ति लाभों से वंचित न रहे।

उपरोक्त दिशा–निर्देश आगामी अनुपालना हेतु सभी अधीनस्थ कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

निदेशक प्रारंभिक शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171001

पृष्ठांकन सं0: सम। दिनांक शिमला–171001 नवंबर, 2023

प्रतिलिपि:–

1. सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–171002 को सूचनार्थ प्रेषित है।
2. प्रभारी, आई0टी0 सैल प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला–171001 को विभागीय वैबसाईट पर डालने हेतु प्रेषित है।
3. रक्षक नस्ति।

Sd/-
निदेशक प्रारंभिक शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171001

पृष्ठांकन संख्या (प्र0-4) दिनांक धर्मशाला 176215 25/11/23

प्रतिलिपि –

समस्त प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक एवं खण्ड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी कांगड़ा को आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

25/11/2023
Dy. Director Elementary Edu
Kangra at Dharamshala.

Dy. Director of Elementary Education
25 NOV 2023
Dispatch 8599
Kangra at Dharamshala